तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रदीप विधानी बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) **सू.अ.अ. अपील संख्या 84 / 2023**	
12-04-23	अपीलार्थी प्रदीप विधानी पुत्र नानकराम विधानी निवासी बी–37, उम्मेद क्लब रोड़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 13.01..2023 में (1) जिला कलक्टर जोधपुर को अतिक्रमण रोधी एवं विकास समिति का अध्यक्ष होने के नाते दिनांक 18.06.2022 को स्पीड पोस्ट के ज़रिये आवेदन प्रस्तुत किया था, आवेदन प्राप्त होने से आज दिनांक तक की गई कार्यवाही से संबंधित जानकारी व अन्य बिन्दुओं , से संबंधित सूचना लिए ,लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 392 दिनांक 05.04.2023 तथ्यात्मक रिपोर्ट के अनुसार प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 392 दिनांक 05.04.23 द्वारा कृल 01 पृष्ठ की प्रमाणित सूचना निशुल्क प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी / प्रार्थी को सूचना दी जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो।	